an>

Title: Need to conduct direct election for the post of Panchayat Chairman.

श्री केशव प्रसाद मौर्य : माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश में पंचायत के चुनाव होने वाले हैं, मैं उनके संबंध में अपनी बात रखना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के अंदर पंचायत के चुनाव होने वाले हैं। ...(व्यवधान) लेकिन पंचायत के चुनाव अभी हुए नहीं हैं। ...(व्यवधान) बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की शिकायत आ रही है। ...(व्यवधान) मुझे सूचना मिल रही है। ...(व्यवधान) चाहे मेरा लोक सभा क्षेत्र और जनपद इलाहबाद हो, चाहे उत्तर प्रदेश के दूसरे जिले हों, बड़े पैमाने पर मतदाता सूचियों में जो असली नाम हैं, उनको काटा जा रहा है और फर्जी नाम दर्ज कराए जा रहे हैं। ...(व्यवधान) मतदान के समय बड़े पैमाने पर बूथ कब्जा करने की कोशिश की जाने वाली है। ...(व्यवधान) जनता का विश्वास, उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी खो चुकी है। ...(व्यवधान) जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है और निÂपक्ष चुनाव के लिए मैं मांग करता हूँ कि ऐसे सरकारी अधिकारी जो उत्तर प्रदेश के अंदर गड़बड़ी करने वाले हैं, उनको उस स्थान से हटाया जाए। ...(व्यवधान) परिसीमन में आरक्षण में जो भेदभाव किया जा रहा है, वह भेदभाव से मुक्त आरक्षण होना चाहिए। ...(व्यवधान) किसी भी प्रकार से उत्तर प्रदेश के चुनाव को निÂपक्ष संपन्न कराने के लिए मैं आपके माध्यम से मांग करूंगा कि केंद्रीय मंत्रियों की तैनाती की जाए और इन कांग्रेसियों के विरूद्ध जिन्होंने सदन का समय बर्बाद किया, इस देश की जनता का समय बर्बाद किया, इनको दंडित करने की मांग करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल और श्री पी.पी.चौधरी को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।